an>

Title: Need to provide stoppage of Mandore Express and Jaipur-Jodhpur Intercity Express at Ren railway station in Nagaur, Rajasthan.

**श्री हरिओम सिंह राठौड़ (राजसमन्द)**ः सर्वप्रथम मैं आदरणीय रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि पूर्व में उठाए गए विषय जोकि मेरे लोक सभा क्षेत्र की विधान सभा मेड़ता, नागौर-राजस्थान में स्थित रेण रेलवे स्टेशन, जहाँ पर सिर्फ राजस्थान से ही नहीं अपितु सम्पूर्ण भारत वर्ष में लकवा पीडित लोग बुटाटी धाम, जो रेण रेलवे स्टेशन के नजदीक पड़ता है, में आस्था रखने वाले दर्शनार्थी एवं पीड़ित लोग आते रहते हैं। चूंकि पूर्व में इस रेलवे स्टेशन की पटरी स्टेशन के प्लेटफार्म से ऊंची थी और वहाँ पर शारीरिक रूप से परेशान लोगों को चढ़ने-उतरने में बहुत तकलीफ का सामना करना पड़ता था, मेरे निवेदन पर उस प्लेटफार्म को ऊंचा उठाने का आदेश जारी कर रेल मंत्री जी ने पीड़ितों को बहुत राहत प्रदान की है।

इस रेण रेलवे स्टेशन पर पर्याप्त मात्रा में रेलों का संचालन होता है, किन्तु यहाँ पर ठहराव बहुत ही कम गाड़ियों का होता है। यह रेण कस्बा मेड़ता विधान सभा का एक बड़ा कस्बा है और रेलवे राजस्व की दृष्टि से भी लम्बे मार्ग की गाड़ियों के ठहराव की पात्रता रखता है। अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगा कि दिल्ली-जोधपुर के मध्य संचालित होने वाली मण्डोर एक्सप्रेस व जयपुर-जोधपुर के मध्य संचालित होने वाली इन्टरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव रेण रेलवे स्टेशन पर करवाने का आदेश जारी कर राहत प्रदान करें।